तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

10 विद्यार्थियों ने चार्ट, मॉडल व भाषण प्रतियोगिता के माध्यम....



10 आरएसयू की छात्रा दीक्षिका ने जीता गोल्ड






## खबर संक्षेप

### 250 ग्राम गांजा के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव किनाना के निकट एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 250 ग्राम गांजा बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव किनाना निवासी धर्मबीर नशीले पदार्थो का कारोबार करता है। गांव मे नशीले पदार्थ को बेचने के लिए ग्राहको का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। पुलिस ने जब आरोपित की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरण चोरी, केस

**जींद।** गांव जलालपुरा खेतो से बीती रात चोरो ने ट्रास्फार्मर के कीमती उपकरणो को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बिजली निगम ने गांव जलालपुरा कलां निवासी हरनारायण के खेत मे ट्रास्फार्मर रखा था। बिती रात चोरो ने बिजली ट्रास्फार्मर के कीमती उपकरणो को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मां और बेटे सहित तीन संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले मे अलग स्थानो से मां-बेटे समेत तीन लोगो के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर सबधित थाना पुलिस ने शिकायतो के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामले दर्ज किए है। गांव थुआ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी तथा बेटा संदिग्ध हालात मे गायब हो गए। वही जलालपुरा कलां निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस शाम को उसकी 23 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। दोनो अभिभावको ने उन्हे तलाशा भी, लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### हत्या के मामले में नाबालिग निरूध

**कैथल।** गुहला क्षेत्र में 11 फरवरी की शाम को छात्रों के दो गुटों के झगड़े में हुई किशोर नवराज की हत्या करने के मामले की जांच थाना गुहला एसएचओ पीएसआई शनेष कुमार की टीम द्वारा करते हुए खरका निवासी 17 वर्षीय किशोर को निरुद्ध किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि रामथली निवासी लवप्रीत उर्फ लब्बी और पक्की पिसौल निवासी विनीत के बीच वॉलीबॉल का मैच खेलते समय स्कूल में विवाद हो गया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कैथल।** गांव कुराड़ के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। हादसे के बाद मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर कलायत थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कुराड़ निवासी सतीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे उसका चचेरा भाई बिंद्र और सोनू बाइक पर सवार होकर कुराड़ से दुब्बल की ओर जा रहे थे। जब वे कौल माइनर पुल के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

## गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों का अनाज मंडी के गेट पर लगा रहा जाम

# बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन प्रभावित अन्नदाताओं को हो रही परेशानियां

### किसान, आढ़ती और मुनीम दिन भर कार्यालय के काटते रहे चक्कर

**जवाब सुनने को मिला रहा अभी साइट पर भारी दबाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में अनाज मंडियों में ई खरीद साइट बंद होने से यहां किसानों व आढ़तियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और इसका मंडी में किसानों की फसल जे गेटपास, फसल वेरिफिकेशन व खरीद पर काफी असर देखने को मिला। सोमवार को अनाज मंडी में ई-खरीद साइट सुबह करीब 11 बजे बंद हुई, जो दोपहर करीब सवा 2 बजे 3 घंटे बाद दोबारा चालू हो सकी, लेकिन इसके बाद भी पूरा दिन रुक रुक कर ही चलती हुई दिखी और बीच में जब थोड़ा बहुत समय चली भी तो यह धीमी स्पीड से अटक अटक कर ही चली। इससे किसानों की गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों का अनाज मंडी के गेट न. 1 व 2 पर जाम लगा रहा और मार्केट कमेटी कार्यालय कर्मियों द्वारा मैनुअल गेटपास काटे गए, लेकिन इस दौरान किसानों की बायोमेट्रिक नहीं हो सकी, जिसके चलते इस अवधि के दौरान उनकी फसल भी नहीं बिक सकी। किसान, आढ़ती व मुनीम दिन भर गेटपास खिड़कियों, मार्केट कमेटी कार्यालय तो साथ ही ईनेम कार्यालय के चक्कर काटते दिखाई दिए। भाकियू नेता भी अपने धरने के दौरान सोमवार को यह मुद्दा अपने संबोधनों में उठाते दिखाई दिए। गांव किनाना के किसान सियाराम, धर्मा, गांव अनूपगढ़ के किसान महेंद्र इत्यादि ने बताया कि पहले तो उन्हें गेटों पर ही कई घंटे जाम में फंसे रहना पड़ा। इसके बाद किसी तरह से उनकी फसल का मैनुअल तरीके से गेटपास काटकर अंदर भेजा गया तो उनकी बायोमेट्रिक केंद्रों के बाहर कई घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद कमेटी कर्मियों का यही जवाब सुनने को मिला की अभी साइट पर भारी दबाव है मंगलवार को दोबारा आना। वहीं आढ़तियों को भी इससे काफी परेशानी हुई और वो अपने किसानों की वेरिफिकेशन नहीं कर पा रहे थे। आढ़ती धीरज जैन, सतीश कुमार इत्यादि ने बताया पहले तो उन्हें अपने किसानों की फसल बेचने में काफी परेशानी आई इसके बाद इनके बिल इत्यादि जनरेट करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और सारा दिन तंग होने के बाद उन्हें थक हारकर ही बैठना पड़ा। मार्केट सचिव संजीव कुमार ने बताया कि सर्वर में दिक्कत आने के कारण परेशानी हुई। किसानों की मैनुअल गेट पास काटे गए ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।



नई अनाज मंडी में सर्वर ठप्प होने से गेट पास के लिए लाइन में लगे ट्रैक्टर।



**कैथल।** डीसी अपराजिता सीवन अनाज मंडी का निरीक्षण करते।

## डीसी ने किया सीवन अनाज मंडी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने सोमवार को सीवन अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद, उठान व्यवस्था और गेट पास प्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार खरीद सुनिश्चित करने तथा उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी ने किसानों से भी बातचीत की निरीक्षण के दौरान डीसी ने मंडी में पहुंच कर गेहूं की ढेरियों पर नमी मापक यंत्र से नमी की जांच करवाई। इसके साथ ही उन्होंने कांटे पर एक बैग का वजन भी चेक किया ताकि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एंट्री गेट पास एवं आउट गेट पास व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और इस दौरान आउट गेट पास काटने में सामने आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों से बातचीत करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मंडी में उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की और कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**कैथल।** अवैध कालोनी की सड़कों को ढहाती जेसीबी। *फोटो :हरिभूमि*

## सात एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

■ डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कैथल अर्बन ऐरिया के अन्तर्गत पड़ने वाली राजस्व सम्पदा पट्टी कायस्थ सेठ में विकसित हो रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड-फोड की कार्यवाही अमल में लाई गई है। विभाग द्वारा अर्बन एरिया कैथल के अंतर्गत पड़ने वाली राजस्व सम्पदा, पट्टी कायस्थ सेठ में लगभग 7 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी सीवरेज प्रीकास्ट, बर्म, अर्थन रोड, ग्रेवल रोड को शुरूआती चरण में ही पीले पंजे की मदद से तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान वे स्वयं ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी को हटाने के लिए घटना स्थल पर दो जे.सी.बी. मशीनों के साथ पहुंचा और कलौनी में बनी सभी अवैध सड़को को हटाने का कार्य शुरू किया। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में पट्टी कायस्थ सेठ में लगभग 7 एकड़ भूमि पर भू-मालिकों द्वारा बिना विभागीय अनुमति के सड़कें बना कर अवैध कॉलोनी विकसित करने का मामला आया था जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कॉलोनी को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण को रोका गया और ना ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया।

**कार्रवाई जारी रहेगी**

यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनी में कोई प्लॉट आदि खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी कार्यालय द्वारा कानून सम्मत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसमें 50 हजार रूपये तक का जुर्माना 4 तीन साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने सभी प्रोपर्टी डीलरों व भू मालिकों को चेताया कि विभाग द्वारा भविष्य में भी अवैध निर्माणों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरन्तर अमल में लायी जाएगी।

### विदेशी रिश्तेदार बनकर ठगी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** विदेशी रिश्तेदार बनकर लाखों रुपए साइबर ठगी मामले की जांच थाना साइबर क्राइम में टीम इंचार्ज एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई विनोद कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी अजय कुमार निवासी न्यु अशोक नगर वसुंधरा एन्क्लेव दिल्ली हाल गाजियाबाद यूपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव किछाना निवासी कुलबीर सिंह की शिकायत अनुसार 2 दिसंबर 2025 को उसके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को उसका भांजा "सौरभ" (कनाडा निवासी) बताया। जब शिकायतकर्ता ने उसे पहचानने से इंकार किया तो आरोपी ने भरोसा जीतने के लिए कहा कि वह विदेश से उसके खाते में 8 लाख भेज रहा है। इसके बाद आरोपी ने फर्जी बैंक रसीद भेजी, जिसमें 8 लाख 16 हजार ट्रांसफर दिखाए गए। साथ ही कहा कि रकम में से 2 लाख 80 हजार रुपये उसके एक दोस्त को देने हैं और उसका नंबर भी भेज दिया।

## 12वीं कक्षा तक के छात्रों को मुफ्त मिलेगी यातायात सुविधा

■ एक किलोमीटर से दूरी पर पडने वाले छात्र उठा सकेंगे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से 12वीं तक पढने वाले विद्यार्थियों के लिए संचालित निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना का एक वर्ष के लिए विस्तार कर दिया है। यह योजना अब वित्त वर्ष 2026-27 में भी जारी रहेगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। शिक्षा निदेशालय द्वारा एक किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क यातायात सुविधा प्रदान की जाती है। योजना के तहत कक्षा पहली से 12वीं तक के ऐसे विद्यार्थियों को लाभ मिलता है जो अपने स्कूल से एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय करके आते हैं। विभाग द्वारा यह निशुल्क यातायात व्यवस्था वर्ष 2024-25 में शुरू की गई थी। विद्यार्थियों के लिए इस निशुल्क व्यवस्था का प्रबंधन संबंधित विद्यालय की प्रबंधक समिति द्वारा किया जाता है और इसका भुगतान स्कूल मुखिया के बैंक खाते के माध्यम से किया जाता है। इसमें पिल्लूखेड़ा ब्लाक को शामिल किया गया है। विभाग ने जारी पत्र में कहा कि योजना के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में जारी राशि का उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा करवाना अनिवार्य होगा। इसकी सूचना 15 अप्रैल तक परीक्षा शाखा को भेजी जानी है।

### वाहनों की फिटनेस करवाना अनिवार्य

**जींद।** जिला पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष एडवाजरी जारी कर यातायात थाना प्रभारी सहित जिला के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि अपने-अपने थानाधिकार क्षेत्रों में स्कूली बसों में फस्ट एड बॉक्स,सीसीटीवी कैमरे तथा अग्निशामक यंत्रों की बारीकी से जांच करें । यदि किसी स्कूल बस में अनियमिताएं पाई जाती है तो बस चालक एवं स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए । सभी स्कूल संचालक अपनी स्कूल बसों में इन आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्य रूप से व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
यातायात नियमों की अवहेलना पर होगी कड़ी कार्रवाई एसपी कुलदीप सिंह ने स्पष्ट किया गया कि यदि जांच के दौरान किसी बस में ये उपकरण नहीं पाए गए, तो संबंधित संचालकों के खिलाफ यातायात नियमों की अवहेलना के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से खफा मृतका के पिता ने लघु सचिवालय में किया सुसाइड का प्रयास

■ ससुराल पक्ष के लोगों पर कार्यवाही न होने से खफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के माजरा रोहेडा में कैथल छह मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से खफा मृतका के पिता ने लघु सचिवालय में सुसाइड का प्रयास किया। बुजुर्ग सचिवालय प्रांगण में खड़े एक पेड़ पर चढ़ गया और पगड़ी से फंदा बनाकर सुसाइड की कोशिश करने लगा। जैसे ही बुजुर्ग पेड़ पर चढ़ा तो मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी और ग्रामीण भी पेड़ पर चढ़ गए और उसे समझा बुझाकर नीचे उतारा। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले में सही जांच नहीं कर रही है। न ही आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। ऐसे में उसे न्याय कैसे मिलेगा? गौरतलब है कि माममले में मृतका के परिजन कैथल में रोष मार्च निकालने के लिए पहुंचे थे। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर उनकी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में कुचराना कलां जिला जींद के निवासियों ने कैथल में करनाल रोड पर रोष मार्च निकाला। इसके के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि उनकी बेटी की हत्या की गई है।प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों से मांग की गई कि ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। गांव कुचराना के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में पैदल रोष मार्च में शामिल हुए। न्याय की मांग करते हुए अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी**

पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि पुलिस की ओर से इस संबंध में राजौंद थाना में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में अभी ऐसे तथ्य सामने नहीं आए, जिससे हत्या की पुष्टी हो। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## छुटटे पैसे न होने पर हर रोज हो रही यात्रियों तथा परिचालको में तू-तड़ाक

# राउंड फिगर किराया न होने से यात्री-परिचालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से चंडीगढ़, गुरुग्राम व दिल्ली जैसे लंबे रूटों पर चलने वाली एसी बसों में ज्यादातर स्टापेज पर किराया राउंड फिगर में नहीं है। इस कारण यात्रियों व परिचालाकों को खुले पैसों को लेकर दिक्कत रहती है। कई बार यात्रियों के पास एक या दो रुपये खुले नहीं होने के चलते परिचालकों को अपने जेब से ही यह खुले रुपये देने पड़ते हैं। परिचालकों का कहना है कि इस कारण दिनभर उन्हें 50 से 100 रुपये अपनी जेब से भरने पड़ते हैं। जींद डिपो में इस समय लगभग 170 रोडवेज बस हैं, जिसमें से किलोमीटर स्कीम की 37 बस हैं। किलोमीटर स्कीम वाली बस पर चालक परिवहन समिति का आपरेटर होता है, जबकि परिचालक रोडवेज कर्मचारी होता है। डिपो की साधारण बसों में किराया राउंड फिगर में है। वहीं डिपो में दस एसी बस हैं, इसमें से दो बस सफीदों व एक बस नरवाना उपकेंद्र में है, जबकि सात बस जींद मुख्यालय पर हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 15 अगस्त के बाद डिपो में दस एसी बस आई थी, जिन्हें यात्रियों की सुविधा के लिए लंबे रूटों पर चलाया जा रहा है। एसी बस लंबे रूट पर चलने के कारण रास्ते में कुछ निर्धारित स्टापेज पर ही रुकती है, लेकिन परिचालकों के पास जो मशीन में किराया फीड है, वह राउंड फिगर में नहीं है। जींद से चंडीगढ़ जाने वाली एसी बस में जींद से नगूरां का किराया 32, किठाना का किराया 58 रुपये, कसान का किराया 74 रुपये, कैथल का किराया 105 रुपये, पेहवा का किराया 157 रुपये, इस्माइलाबाद का किराया 188 रुपये, अंबाला का किराया 241 रुपये, डेराबसी का किराया 293 रुपये, जीरकपुर का किराया 309 रुपये व चंडीगढ़ का किराया 340 रुपये है।यह है एसी बसों की समय सारिणी जींद से चंडीगढ़ रूट पर सुबह नौ बजकर 20 मिनट, दोपहर 12 बजे और पांचवीं बस दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर चलती है। वहीं गुरुग्राम रूट पर सुबह सात बजकर 50 मिनट पर, दूसरी बस 11 बजकर 20 मिनट और तीसरी बस दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर गुरुग्राम के लिए रवाना होती है। इसके अलावा सुबह साढ़े आठ बजे जींद से हिसार-चंडीगढ़ रूट पर एसी बस चलती है। इसके अलावा दो बस सफीदों में और एक बस नरवाना उपकेंद्र में है।



**मुख्यालय को करवाया अवगत**

रोड़वेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि एसी बसों में किराया राउंड फिगर में नहीं होने के बारे में मुख्यालय को अवगत करवाया गया है। जल्द ही एसी बसों में सभी स्टापेज पर किराया राउंड फिगर में कर दिया जाएगा। इससे यात्रियों व परिचालकों की समस्या दूर हो सकेगी।



**कैथल।** खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही निजी स्कूल का निरीक्षण करते।

### बीइओ ने निजी स्कूलों का किया निरीक्षण

**कैथल।** किताबों और फीस की मिल रही शिकायतों को लेकर सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही की टीम ने खंड कैथल के विभिन्न निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण किए गए विद्यालयों में इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल, माइलस्टोन पब्लिक स्कूल और पवनार हाई स्कूल कैथल प्रमुख रूप से शामिल रहे। बिमला सिरोही ने बताया कि इस औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निजी स्कूलों में ली जा रही फीस, बच्चों को लगवाई जा रही किताबों तथा निर्धारित की गई वर्दी की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल में सभी कक्षाओं में एनसीईआरटी की किताबें लगवाई गई हैं। वहीं माइलस्टोन पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक निजी प्रकाशकों की किताबें लगी थीं, जबकि कक्षा 6 से 8 में एनसीईआरटी एवं निजी प्रकाशकों की किताबें पढ़ाई जा रही थीं। कक्षा 9 से 12 तक एनसीईआरटी की किताबें विद्यार्थियों को पढ़ाई जा रही थीं। पवनार हाई स्कूल में निरीक्षण के दौरान सामने आया कि कक्षा 9 से 10 में एनसीईआरटी की किताबें लगवाई हैं। निरीक्षण के दौरान फॉर्म नंबर 6 और फीस स्ट्रक्चर भी लिए गए।

## खबर संक्षेप

### पशु बाड़े से चार सौ लीटर लाहण बरामद

जींद। सदर थाना सफीदो पुलिस ने गांव निम्राबाद पशु बाडे मे छापेमारी 400 लीटर लाहण बरामद की है। छापा पडने की भनक लगने पर आरोपित फरार हो गया। सदर थाना सफीदो पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदो को सूचना मिली थी कि गांव निम्राबाद निवासी प्रवीण अवैध शराब का कारोबार करता है। जो कच्ची शराब निकालने की तैयारी मे है। सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रवीण के पशुबाडे पर छापा मारा तो वहा ड्रम रखा दिखाई दिया।

### गेहूं खरीद को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय

जींद। रबी खरीद सीजन 2026-27 के तहत जिले में गेहूं की खरीद का कार्य तेजी से जारी है और प्रशासन इस पूरी प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल अच्छी तरह सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं, ताकि खरीद कार्य बिना किसी बाधा के तेजी से पूरा हो सके। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खरीद, उठान, गेट पास और बारदाना से जुड़ी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाए।

### पांच पदों के लिए 22 उम्मीदवार मैदान में

जींद। शहर की पुरानी संस्था एसडी स्कूल प्रबंधक में 5 पदाधिकारियों के चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन 22 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। प्रधान पद के लिए 8, उप-प्रधान, सचिव और संयुक्त सचिव पद के लिए 4-4 नामांकन दाखिल हुए। इसके अलावा कोषाध्यक्ष के लिए 2 लोगों ने नामांकन भरा है। चुनाव अधिकारी राजेश गोयत के अनुसार संस्था के चुनाव के लिए शेडयूल जारी किया गया है।

### योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान

उचाना। घसो कलां गांव में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। जिला आइटी प्रमुख विकास श्योकंद, मार्केट कमेटी चैयरमैन सुरेंद्र कुमार अत्री, मंडल अध्यक्ष सतीश जांगड़ा ने स्वागत किया। विधायक अत्री ने भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों व सरकार द्वारा चलाई गई अनेक योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। सुखपाल शर्मा, संजय शर्मा, मोहन शर्मा, रमेश अत्री, सत्यवान , अनिल कुमार, मुकेश दहिया, गोबिंद सिंह श्योकंद, राममेहर काकडोद, कश्मीरी घसो मौजूद रहे।

### समस्याओं का जल्द समाधान के निर्देश

उचाना। उपमंडल कार्यालय कांफ्रेस हाल में समाधान शिविर के तहत लोगों की समस्याओं को सुना गया। हर सोमवार, गुरूवार को समाधान शिविर आयोजित किया जाता है। एसडीएम रमित यादव ने जो-जो समस्याएं आई उनका जल्दी से जल्दी समाधान के निर्देश दिए। फैमली आईडी, पेंशन संबंधित समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे थे। एसडीएम ने कहा कि जिस भी विभाग की समस्या कोई लेकर आए तो जो-जो कागजात की कमी है वो एक बार में बताए ताकि बार-बार चक्कर न लगाने पड़े।

### शिक्षा से जागरूक बनो, संगठित रहो : डॉ. सैनी


जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में महात्मा ज्योतिराव फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज प्रथम दिवस उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। प्रो. डॉ. सैनी ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व, विचार और चरित्र निर्माण का आधार है।

## नगर परिषद ने बंदर पकड़ने के लिए टेंडर किया जारी

# शहरवासियों में जागी बंदरों व कुत्तों से राहत की उम्मीद

## नागरिक हस्पताल में हर रोज आ रहे 80 मरीज एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने

**कई लोगों ने अपने घरों पर जाल तक लगवाएं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहरवासियों को बंदरों और कुत्तों से अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। नगर परिषद ने इन्हें पकड़ने के लिए नया टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर की आनलाइन बिड 16 अप्रैल को खुलेगी। इसके बाद चयनित एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शहर में बंदरों और कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर परिषद ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब जल्द ही टेंडर मिलने के बाद बंदर और कुत्ते पकड़ने का काम शुरू हो जाएगा। शहर में पिछले काफी समय से बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। बंदर जहां घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान उठा ले जाते हैं, वहीं कुत्तों के झुंड राहगीरों पर हमला करने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। नागरिक अस्पताल में हर रोज लगभग 80 मरीज एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए नागरिक अस्पताल आते हैं। इसके अलावा बंदर नागरिक अस्पताल में भी मरीजों को कमरे में पहुंचकर घायल कर चुके हैं। बंदरों से बचने के लिए शहर के पाश क्षेत्र में कई लोगों ने अपने घरों पर जाल तक लगवाएं हैं। कई लोग इन घटनाओं में घायल भी हुए हैं जिसके चलते नगर परिषद पर कार्रवाई का दबाव बन रहा था। हालांकि पिछले साल बंदरों को पकड़ने के अभियान में भारी अनियमितताएं सामने आई थी। वहीं कुत्तों की नसंबदी के दौरान भी उनके रख रखाव को लेकर नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। ऐसे में बीच में ही नगर परिषद को दो माह पहले कुत्तों की नसबंदी का अभियान बीच में छोड़ना पड़ गया था। वहीं डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ़ा ने बंदर पकड़ने के मामले की जांच के लिए चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखा था। संज्ञान लेते एंटी करप्शन ब्यूरो के एडीजीपी ने जांच के आदेश जारी किए थे। मामले में आरोप लगे थे कि बंदर पकडऩे में एक करो? रुपये के करीब गड़बड़ी की गई है। शहर में बंदरों को पकड़ने के लिए नप ने प्रति बंदर 1700 रुपये का भुगतान किया था। नप ने शहर से 6 हजार बंदरों को पकड़ने का दावा किया गया था लेकिन इतने बंदर पकड़ने के बाद भी शहरवासियों को राहत नहीं मिल पाई थी।

### 16 अप्रैल को बिड खोली जाएगी

नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि कुत्तों और बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर निकाला गया है। इसको लेकर 16 अप्रैल को बिड खोली जाएगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाएगी। चयनित एजेंसी पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता न हो।

## जल बचाना हर नागरिक का कर्तव्य : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला के आवास पर डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिढ़ा का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो:हरिभूमि

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी टेकराम कंडेला ने सोमवार को अपने निवास स्थान पर मीटिंग को संबोधित करते कहा कि जल बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है और जल ही हमारा जीवन है हर आदमी को इसे बचाने के लिए पूरा योगदान देना चाहिए। कहा कि अपने गांव है जिला स्तर पर व प्रदेश सत्र पर सभी लोगों को अपने-अपने गांव अपने वार्डों में सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि हमारा गांव भी स्वच्छ हो व हमारे शहर भी स्वच्छ रह सके। मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा प्रदेश के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिढ़ा ने पहुंचकर लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि करते 5 अप्रैल को जींद में हुई मुख्यमंत्री की रैली में कंडेला गांव के भारी तादाद में लोगों के पहुंचने पर गांव के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार के विकास की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर लोगों के बहुत भारी भीड़ उमड़ी रही। इस मौके पर पिंडारा मंडल के अध्यक्ष कृष्णा रेड्डु अनूप सिंह, विनोद, अनिल लाठर, अजमेर सिंह, सुल्तान सिंह, हजूरा सिंह, वेद प्रकाश आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



परिवार की आर्थिक मदद करने पहुंचे वीरेंद्र करसिंधु, रामचंद्र जैन।

### मौत से जूझ रहे ईश्वर जोगी के परिवार के लिए सहारा बना गुरू सेवक परिवार

उचाना। उचाना कलां के पार्क के पास ईश्वर जोगी जिंदगी मौत से जूझ रहा है। बीते सात माह से हिसार के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। भाई की मौत के बाद से ईश्वर बीमार है। ईश्वर की बहन सरोज भाई को उपचार के लिए लेकर आती-जाती है। आर्थिक रूप से कमजोर ईश्वर के उपचार पर परिवार 11 लाख से अधिक खर्च चुका है। गुरू सेवक परिवार ईश्वर के परिवार के लिए सहारा बन कर पहुंचा। यहां पर गुरू सेवक परिवार की तरफ से 31 हजार वीरेंद्र करसिंधु, 21 हजार रामचंद्र जैन द्वारा दिए गए। सरोज ने बताया कि उसका भाई कई महीनों से बीमार है। काफी खर्च हो रहा है। कर्ज लेकर उपचार करवा रहे है। वीरेंद्र ने कहा कि ईश्वर बीमारी चल रहा है उसको लेकर जानकारी मिली तो गुरू अरूण चंद्र महाराज की प्रेरणा से जरूरतमंदों की मदद गुरू सेवक परिवार करता है।

### गेहूं की लिफ्टिंग को लेकर सौंपा ज्ञापन

उचाना। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा को अग्रवाल जनहित समिति संस्थापक रामनिवास करसिंधु द्वारा उचाना मंडी में किसानों की गेहूं की लिफ्टिंग अभी तक शुरू नहीं होने पर ज्ञापन सीएम के नाम सौंपा। रामनिवास करसिंधु ने कहा कि उचाना मंडी के किसानों से मुलाकात हुई तो बताया कि गेहूं की फसल को बेचे कई दिन हो चुके है लेकिन अभी तक लिफ्टिंग नहीं हुई है। जब तक लिफ्टिंग नहीं होगी तब तक पेमेंट किसानों के खाते में नहीं आएगी। ऐसे में जल्द से जल्द लिफ्टिंग करवाई जाए ताकि पेमेंट किसानों के खाते में आ सकें। किसान के खाते में रुपए नहीं आने से उन्हें जो कटाई सहित घर खर्च के लिए रुपए चाहिए उनको लेकर परेशानी हो रही है।



मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा को ज्ञापन देते रामनिवास करसिंधु।

### रविंद्र ईगराह को जिला अध्यक्ष मनोनीत

जींद। टीचर सेल्फ केयर टीम की जिला जींद इकाई का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी मे रविन्द्र टीजीटी ईगराह को जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। मदनलाल बराह कलां को जिला संयोजक और जयभगवान उचाना कलां को वरिष्ठ उपप्रधान की जिम्मेदारी दी गई है। ब्रह्मपाल गांगोली को सचिव, राजेश कुमार बरसोला व राजेश हुड्डा खरक रामजी को उपप्रधान मनोनीत किया गया है। टीएससीटी जींद के आईटी प्रभारी डॉ संदीप रेढाल होंगे और कर्मपाल व अजय लोहान उप सचिव तथा सुदेश सहरावत प्रेस प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।प्रदेश महासचिव प्रदीप शास्त्री, संगठन मंत्री ऋषिराज शास्त्री व प्रदेश उप सचिव रविकांत ने कहा की कार्यकारिणी का गठन सर्व सहमति से किया गया है।





जींद। टीचर सेल्फ केयर की ईकाई के नव निर्वाचित कार्यकारिणी।



जींद। भाजपा जिला महामंत्री पुष्पा तायल लोगों को संबोधित करते हुए।

### भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया

जींद। किनाना में प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा, गरीब हित में चलाई गई सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष मुकेश सैनी की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई व बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके बाबा साहब अमर रहे,जब तक सूरज चांद रहेगा,बाबा तेरा नाम रहेगा के जय घोष कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामफल शर्मा के द्वारा ग्रामीणों को भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची भाजपा नेत्री व जींद जिले की महामंत्री डॉ पुष्पा तायल ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा गरीब हित में चलाई गई योजनाओं को विस्तार से बताया।

### आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई

जींद। सोमवार को डीएन मॉडल स्कूल में बैसाखी पर्व एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें पंजाबी लोक नृत्य एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु परंपरा एवं फसल उत्सव के प्रतीक बैसाखी के महत्व को बताते की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा समाज को दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने विद्यार्थियों को बैसाखी के उत्साह, एकता और समृद्धि के संदेश को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उप-प्रधानाचार्या रुचि गुप्ता ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया।





जींद। डीएन मॉडल स्कूल बैसाखी पर्व पर बच्चे डांस करते हुए।



जींद। सैक्टर-6 के नवनिर्वाचित प्रधान व कार्यकारिणी।

### डॉ संजय शर्मा फिर बने सैक्टर 6 के प्रधान

जींद। सोमवार को सैक्टर 6 की हुडा जींद की रेजिडेंस वैल्फेयर सोसायटी के प्रधान पद और कार्यकारिणी के सदस्यों के चुनाव के लिए सैक्टर की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में सैक्टर 6 के निवासियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम निर्वतमान प्रधान डॉ संजय शर्मा ने पिछले कार्यकाल का लेखा जोखा पेश किया। उसके बाद कार्यकारिणी का इस्तीका दे दिया। जिसमे गहन विचार विमर्श करने के बाद सैक्टर के लोगो ने निर्विरोध डॉ संजय शर्मा को तीसरी बार प्रधान चुना गया। इसके अलावा सुशील रोहिला वकील को उपप्रधान, अतुल गर्ग को सचिव, करण सिंह को सहसचिव और अशोक अरोडा को कैशियर चुना है। इसके अलावा कार्यकारिणी के सदस्य के लिए भूरा राम, आंदन सैनी, दशरथ गोयल, आईडी शर्मा, सौरभ ढिंगडा और अरूण शर्मा को चुना गया है।

### तलवारबाजी में छाए डीएवी स्कूल जींद के खिलाड़ी

जींद। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जीन्द के तलवारबाजी खिलाड़ियों ने एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल सिसाय हांसी में अपना परचम लहराया। डीएवी प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि 21वीं राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक आयोजित किया गया। इसमें लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तलवारबाजी खेल के विषय में बताते हुए प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि तलवारबाजी एक ऐसा खेल है जो बच्चों के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस खेल को सीखते समय बच्चे केवल शारीरिक रूप से ही मजबूत नहीं होते, बल्कि उनका मानसिक विकास भी तेजी से होता है। तलवारबाजी में हर मूवमेंट सोच-समझकर करना पड़ता है, जिससे बच्चों की एकाग्रता और ध्यान शक्ति बढ़ती है। वे जल्दी निर्णय लेना सीखते हैं और परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति बनाना भी सीख जाते हैं।

### नोटबुक-पेन देकर किया सम्मानित

जींद। मूकनायक एजुकेशन सोसाइटी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य पर अम्बेडकर चौक रानी तालाब जींद पर एक शाम बाबा साहेब के नाम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जींद के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्डा के प्रतिनिधि राजन चिलाना एवं नगर परिषद चेयरपर्सन डॉ. अनुराधा सैनी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। समारोह के दौरान समाज में शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 70 बालिकाओं को नोटबुक और पेन देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 50 महिलाओं और बालिकाओं को संविधान की प्रस्तावना रूपी मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें संविधान के प्रति जागरूक किया जा सके।

## आरएसयू की छात्रा दीक्षिका ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सीआरएसयू में विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते वीसी रामपाल सैनी।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की प्रतिभाशाली छात्रा दीक्षिका ने 68 किलोग्राम वर्ग में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विवि कराटे (महिला) चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक प्राप्त कर विवि का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता 4 से 9 अप्रैल तक डिब्रूगढ़, असम में आयोजित की, जिसमें देशभर के विभिन्न विवि के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

दीक्षिका की इस उपलब्धि से न केवल विवि, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विवि के कुलगुरु प्रो. डॉ. राम पाल सैनी ने विजेता खिलाड़ी को हार्दिक बधाई दी तथा उसे 35 हजार की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की। कहा कि विवि खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं आधुनिक खेल अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने भी दीक्षिका को शुभकामनाएं।



जींद। राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थी उपकरणों की जानकारी लेते हुए। फोटो:हरिभूमि

## परामर्श संतुलित व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शन के लिए बेहतर : सत्यवान

- राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय, जींद के मनोविज्ञान विभाग और नेशनल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में मेंटल वेलबीइंग के लिए साइकोलॉजिकल असेसमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में मनोवैज्ञानिक जाँच/मूल्यांकन की उपयोगिता समझाना और उनमें जागरूकता बढ़ाना है। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि आज के समय में किशोर कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। यह ऐसा समय है जहां अवसर और चुनौतियाँ दोनों साथ-साथ हैं। ऐसे में सही मार्गदर्शन और परामर्श उनके संतुलित व्यक्तित्व विकास, बेहतर निर्णय क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। प्रथम सत्र में मनोवैज्ञानिक परीक्षणों एवं उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। इस सत्र में विभिन्न टेस्ट अपरेटस की कार्यप्रणाली की सरल और स्पष्ट जानकारी राहुल द्वारा विद्यार्थियों को दी गई। द्वितीय सत्र में परामर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम पूनम एवं डॉ. ज्योति लाडवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. प्रेम पूनम ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण होता है, जिसमें कई भावनात्मक और मानसिक बदलाव होते हैं। ऐसे समय में परामर्श विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को समझने, तनाव को संभालने और सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद करता है। उन्होंने यह भी कहा कि सही समय पर किया गया मनोवैज्ञानिक आकलन विद्यार्थियों को सही दिशा देने में सहायक होता है।

## बैसाखी पर्व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया

# विद्यार्थियों ने चार्ट, मॉडल व भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। निपुण मिशन के तहत बैसाखी पर्व पर चार्ट बनाते बच्चे। फोटो:हरिभूमि

निपुण मिशन जींद के अंतर्गत बैसाखी पर्व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, जींद शहर में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय परिसर को उत्सव के अनुरूप सजाया गया और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बैसाखी पर्व के सांस्कृतिक व शैक्षिक महत्व को ध्यान में रखते विद्यालय में गतिविधि-आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाना तथा निपुण मिशन के लक्ष्यों को सरल व रोचक तरीके से प्रस्तुत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने चार्ट, मॉडल और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए चार्ट और मॉडल में आधारभूत संख्या ज्ञान, दैनिक जीवन में गणित का उपयोग, अक्षर-ज्ञान, शब्द-निर्माण तथा सरल भाषा कौशल से जुड़े विषयों को आकर्षक ढंग से दर्शाया गया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बैसाखी के ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्षों पर अपने विचार रखे। बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान समय में प्रवेश उत्सव के अंतर्गत बच्चों का दाखिला करवाना, उन्हें नई पुस्तकों से परिचित कराना तथा ऐसी गतिविधियाँ करवाना अत्यंत आवश्यक है जो बच्चों को विद्यालय के प्रति आकर्षित करें। उन्होंने बताया कि निपुण मिशन का उद्देश्य बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करना है, ताकि वे प्रारंभिक कक्षाओं में बिना किसी सीखने की कमी के आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

## खबर संक्षेप

### 16 से शुरू होगी जनगणना की स्व-गणनाः अपराजिता

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि आगामी जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं भी अपनी जनगणना कर सकेंगे। यह नई सुविधा 16 अप्रैल से शुरू होगी और 30 अप्रैल तक चलेगी, जिसके तहत आमजन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल घर-घर जाकर जनगणना शुरू होने से पहले लगभग 15 दिनों के लिए खुला रहेगा। इस दौरान नागरिक अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर निर्धारित 33 प्रश्नों के उत्तर भर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया 15 से 20 मिनट में पूरी हो जाती है। डीसी अपराजिता ने बताया कि जानकारी सफलतापूर्वक जमा करने के बाद नागरिकों को 11 अंकों की एक यूनिक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी।

### एसडीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं

**गुहला-चीका।** सोमवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने की। उन्होंने नागरिकों की समस्या व शिकायतें सुनी तथा संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही निपटान करवाया। समाधान शिविर में मुख्यतः शिकायतें राजस्व विभाग, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, बुढ़ापा पेंशन तथा कुछ शिकायतें जल निकासी से संबंधित रही। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुने। जिन शिकायतों का समाधान खंड स्तर पर न हो, उनको जिला मुख्यालय भेजकर समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

### गांव हरनोला के राजकीय स्कूल में किया पौधारोपण

**सीवन।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव हरनोला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अभिषेक मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों व स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण के साथ हुई, जिसमें विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को भी पौधों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया गया।

### 15 को कुवि द्वारा आयोजित करवाई जाएगी परीक्षा

**कैथल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 15 अप्रैल 2026 को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। जिलाधीश अपराजिता ने परीक्षा केंद्रों के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा के दिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक इन क्षेत्रों में फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहेंगी, ताकि किसी प्रकार की नकल या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

### राखीगढ़ी व अग्रोहा शक्तिपीठ का किया शैक्षणिक भ्रमण

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में ऐतिहासिक शोध दृष्टि और सांस्कृतिक चेतना विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार अनायत के कुशल मार्गदर्शन से आयोजित इस यात्रा के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्व के सबसे बड़े हड़प्पाकालीन पुरातात्विक स्थल राखीगढ़ी और प्रसिद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्र अग्रोहा शक्तिपीठ का दौरा किया। राखीगढ़ी की पुरातात्विक साइट पर विद्यार्थियों ने सिंधु घाटी सभ्यता के उन्नत नगर नियोजन, प्राचीन वास्तुशिल्प और खुदाई में मिले ऐतिहासिक अवशेषों का बारीकी से अवलोकन किया।

## स्कूलों में सुरक्षा और सुविधाओं पर सख्त निर्देश जारी

# माध्यमिक शिक्षा निदेशक पंचकूला ने दिए आदेश, सीएम फ्लाइंग करेगी निरीक्षण

- निदेशक के आदेशों की अनुपालना हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने आज मीटिंग ली

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल


**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विभाग हरियाणा के निदेशक सेकेंडरी एजुकेशन, पंचकूला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विद्यालयों के लिए सुरक्षा, सफाई और संसाधनों के रख-रखाव को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशक के आदेशों की अनुपालना हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने आज अपने कार्यालय में मीटिंग लेकर इन बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीईओ सुभाष कुमार ने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने खंड में सभी विद्यालय मुखियाओं की ऑनलाइन मीटिंग लेकर इन सभी दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इनकी जांच के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय की फ्लाइंग और निदेशालय की टीम समय-समय पर निरीक्षण करेगी। किसी भी कमी के लिए संबंधित विद्यालय मुखिया जिम्मेदार होंगे।

सफाई और टॉयलेट रिपेयरः सभी विद्यालयों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। सभी विज्ञान और कंप्यूटर लैब वेल-मेंटेंड हों। कोई भी उपकरण अलमारी में बंद न रहे। सभी उपकरणों का अध्यापकों और बच्चों द्वारा नियमित प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। डिजिटल और आईसीटी लैब, प्रोजेक्टर वर्किंग स्थिति में हों, न होने पर रिपेयर करवाई जाए। सभी अध्यापकों को डिजिटल बोर्ड चलाना आना अनिवार्य है। पानी निकासी और कचरा प्रबंधनः पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। विद्यालय का कचरा-कूड़ा गड्ढे में डालें ताकि खाद बनाई जा सके। यदि कंडम सामान मरम्मत योग्य है तो मरम्मत करवाई जाए। यदि मरम्मत योग्य नहीं है तो लिस्ट बनाकर एसएमसी का प्रस्ताव डालकर विभागीय पत्रों के दिशा निर्देश की अनुपालना करते हुए उसका निपटारा कर दिया जाए। सभी खाते मेंटेन रखें। किसी भी समय अधिकारियों द्वारा विद्यालय के खातों की जांच की जा सकती है। सभी विद्यालयों में डायरी एवं डिस्पैच रजिस्टर अच्छी तरह से मेंटेन हों। डायरी रजिस्टर अलग और डिस्पैच रजिस्टर अलग से लगाया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय मुखिया इन बिंदुओं का विशेष ध्यान रखते हुए अपने-अपने विद्यालय की व्यवस्था दुरुस्त बनाएं। निरीक्षण में कमी मिलने पर विद्यालय मुखिया की सीधी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### ये सावधानियां बरतें स्कूल मुखिया

टॉयलेट रिपेयर के लिए विद्यालय मुखिया एसएमसी का प्रस्ताव डालकर एकमुश्त 1,00,000 तक और साल भर में 5,00,000 तक खर्च कर सकते हैं। मिडिल और प्राइमरी स्कूल जहां फंड की कमी है, वे एस्टीमेट बनाकर जिला मुख्यालय के माध्यम से राज्य मुख्यालय भिजवाएं। यदि कोई कमरा या टॉयलेट कंडम घोषित है तो उस पर नोटिस लगाया जाए, वायरिंग कटवाई जाए और कोई भी विद्यार्थी न बैठाया जाए। सुरक्षा के लिए ऐसे कमरों के चारों ओर तारबंदी करवाई जाए। सभी विद्यालयों में बिजली फिटिंग दुरुस्त हो और बच्चों की पहुंच से बाहर हो ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अधीक्षक सुरेश कौशिक, डीएसएस सुशील कुमार, प्रवेश उत्सव जिला नोडल कुशल कुमार, यूथ एवं इको क्लब कोऑर्डिनेटर निर्मल सिंह, रितु दीक्षित, महावीर राणा, सुनील सैनी, रजनी भुल्लर आदि उपस्थित रहे।


**कैथल।** रक्तदाताओं को बैज लगाते पदाधिकारी व मुख्य अतिथि।

# एक यूनिट रक्त बचाता है तीन जिंदगियांः डॉ. विजय

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

खड़ालवा मटौर खेड़ी भालंग सेवा समिति द्वारा जलियांवाला बाग कांड के अमर शहीदों की याद में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह शिविर मानवता की सेवा और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने की भावना से प्रेरित होकर लगाया गया। शिविर में एमडीएन स्कूल कलायत के संस्थापक डा. विजय कंसल, डा. सोनाली, लाला ईश्वर कुमार बंसल प्रमुख समाजसेवी, संजू सुखवीर मौण, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिरोही, एमडीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक डा. विनोद कुमार, डाईट प्रिंसिपल चन्द्र किशोर अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान पाल सिंह मौण व महासचिव जगमग मौण ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दलीप सिंह ने किया।

### शहिदों की याद में लगाया रक्तदान शिविर

शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति के पदाधिकारी महासचिव एवं आप पार्टी के जिलाध्यक्ष जगमग मौण मटौर, आवासीय कल्याण समिति सेक्टर 18 के प्रधान राममेहर सिंह मौण, कर्ण सिंह, शिक्षाविद् अनिरूद्ध शर्मा, बलबीर सिंह, धर्मपाल, जगदीश बनवाला, मा. श्रवण ने बताया कि यह शिविर हर वर्ष शहीदों की याद में आयोजित किया जाता है और भविष्य में इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। इनके अलावा प्रवक्ता दलबीर नैन, नरेन्द्र कुमार, मेडिकल टीम के गुलाब सिंह, रमेश, मा. दयानंद, जीवन रक्षक दल के सदस्य प्रवीण सेगा, विनोद हरसौला, राकेश सारन, अमन बालू, परमजीत खेड़ी आदि ने भी रक्तदान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित एमडीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक डा. विनोद कुमार, रामपाल रिटायर्ड एक्सियन पहुंचे।

### सेरधा में सर्व ढुल खाप की बैठक

**राजौंद।** गांव सेरधा में सर्व ढुल खाप की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता खाप प्रधान चौधरी हरपाल सिंह ढुल ने की। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए सदस्यों ने भाग लेकर सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज में फैल रही कुरीतियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। विशेष रूप से गांव-गुवांड और समान गोत्र में विवाह करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। खाप सदस्यों ने कहा कि समाज की परंपराओं और मर्यादाओं को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसके अलावा बैठक में शिक्षा और खेलों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि खाप के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक गांव में एक लाइब्रेरी स्थापित की जाए, ताकि युवाओं को बेहतर अध्ययन का माहौल मिल सके।


**सेरधा।** सर्व ढुल खाप की बैठक में उपस्थित खाप पदाधिकारी।



**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह बैठक लेते हुए।

### एचपीवी टीकाकरण के लिए सरकारी व प्राइवेट स्कूलों का कलस्टर वाईज बनाए शेडयूल

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गुहला व सीवन क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतू एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में गति लाने के लिए सरकारी व प्राईवेट स्कूलों का कलस्टर वाईज शेडयूल बनाया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। गांव-गांव व शहर में मुनियादी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने उपरांत कलस्टर वाईज एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित होंगे। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह सोमवार को उपमंडल कार्यालय में एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

### एचएसईबी वर्कर यूनियन की गेट मीटिंग की जगह हुई शोक सभा

**राजौंद।** एचएसईबी वर्कर यूनियन द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर जारी रोष प्रदर्शन के दसवें दिन सोमवार को गेट मीटिंग की बजाय शोक सभा का आयोजन किया गया। यह शोक सभा प्रांगण में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने की, जबकि मंच संचालन मुकेश कोटड़ा द्वारा किया गया।शोक सभा का आयोजन रूबी एएलएम के पति विनय कुमार के 10 अप्रैल को हृदय गति रुकने से हुए आकस्मिक निधन पर किया गया। इस दुखद समाचार से कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। सभा में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।


**राजौंद।** एचएसईबी वर्कर यूनियन के प्रांगण में आयोजित शोक सभा।

## न्यूज डायरी



### आरकेएसडी स्कूल ने मनाया 33वां स्थापना दिवस

**कैथल।** आरकेएसडी स्कूल ने 33वां स्थापना दिवस मनाया। सन 1994 में आरंभ हुए शिक्षा के इस संस्थान ने पूरे जिले में आज अपनी अलग पहचान बना ली है। इसी अवसर पर पिछले सत्र के उत्कृष्ट छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन व मंत्रोच्चारण से किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इसी अवसर पर विद्यालय में नवनिर्मित राइफल शूटिंग नर्सरी का भी उद्घाटन हुआ। साथ ही स्कूल से सेवानिवृत हुई शिक्षकाओं मती किरण पाठक, मती विजयलक्ष्मी तथा अनिता हुर्रिया को भी अभिनन्दन पत्र से सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन अश्विनी शौरे वाला श्याम बंसल महेश कुमार मंगल पंकज बंसल अशोक कुमार सुनील चौधरी विपुल बंसल जगदीश कोलिया नवनीत गोयल हरिंदर गुप्ता राजेश गर्ग गौरव मंगला परवीन जैन भारती मती रश्मि मनचंदा चंदरभान मितल संजय भारद्वाज सी बी सैनी भीरभान सैनी बलबीर सैनी जोगिन्दर सैनी अभिभावक व शहर के अनेक सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु अभियान 11वें दिन भी जारी रहा

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु अभियान सातवें दिन भी जारी रखा। आज कैथल ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुरा, राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय कुलतारण और राजकीय प्राथमिक व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पट्टी अफगान में नामांकन अभियान चलाया गया। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठाणिया, वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सावित्री देवी, सोनिया, मीनू देवी, नारायण दत्त, सतपाल पांचाल व विजय क्या डक ने बताया कि संगठन की टीम नामांकन बढ़ाने हेतु लगातार शिक्षकों और अविभावकों से रूबरू हो रही है और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।


**कैथल।** गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी


**पूंडरी।** शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते सर्व ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी व छबील सेवा करते श्रद्धालु।

### भगवान परशुराम शोभायात्रा का स्वागत

**पूंडरी।** सर्व ब्राह्मण सभा हल्का पुंडरी द्वारा आज रघुनाथ मंदिर के सामने भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महंत कृष्ण पुरी जी महाराज के सानिध्य में सभा के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में सर्व समाज के सहयोग से पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार कौशिक (रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर) उपस्थित रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं व राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिली और सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। इस धार्मिक आयोजन में श्री श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी सुमित शर्मा सहित प्रवीण शर्मा, रूपचंद शर्मा, मंसू शर्मा, बदनारा कृष्ण शर्मा, पंडित ताराचंद आदि रहे।

### आंबेडकर जयंती समारोह आयोजित

**कैथल।** एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय, कैथल एवं नवीन जिंदल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। इस अवसर पर डीन ऑफ सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज डॉ एकता चहल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन के बारे में विस्तार से बताया। विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार प्रो आर के गुप्ता ने भी डॉ बी आर अम्बेडकर के संविधान निर्माण में उनके योगदान, सामाजिक न्याय एवं समता के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। नवीन जिंदल फाउंडेशन के जिला इंचार्ज एवं मुख्य वक्ता रविन्द्र धीमान ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा हथियार बताते हुए युवाओं से डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।


**कैथल।** नवीन जिंदल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।



### जनसमस्याओं का प्राथमिकता से हो रहा समाधान

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और स्थायी निवारण सुनिश्चित करें। किसी भी जनशिकायत को लंबित न रखा जाए और प्रत्येक मामले का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एडीसी सुशील कुमार सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, बिजली बोर्ड, एचएसवीपी, पीडब्ल्यूडी, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्धारित समय-सीमा में समाधान के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आयोजित ये शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं।

## बिटिया के हाथों नारियल तुड़वाकर शुभारंभ, बच्चों के लिए ई-रिक्शा सुविधा की घोषणा

# 20 साल बाद बदले हालातः कौल की बीपीएल कॉलोनी में 3 गलियों का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏩ ढांड

गांव कौल में पाबला रोड पर स्थित बीपीएल परिवारों को आवंटित 100-100 गज के प्लॉटों की कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल ने एक छोटी बिटिया के हाथों नारियल तुड़वाकर कॉलोनी की तीन गलियों का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर चेयरमैन कर्मबीर कौल ने बताया कि यह कॉलोनी लगभग 20 वर्ष पूर्व बसाई गई थी, लेकिन आज तक यहां की गलियां कच्ची होने के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि कॉलोनी वासियों की लंबे समय से मांग थी कि इन गलियों को पक्का किया जाए, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों गलियों के निर्माण पर लगभग 17 लाख 50 हजार रुपये की लागत आएगी। गलियों के पक्का होने के बाद कॉलोनी के बच्चों को स्कूल जाने में सुविधा मिलेगी और आमजन को भी राहत मिलेगी।


**ढांड।** जिप चेयरमैन कर्मबीर गांव कौल में पाबला रोड पर स्थित कालोनी की गलियों का उद्घाटन करते हुए फोटो : हरिभूमि

### ये घोषणाएं भी हुई

चेयरमैन ने इस दौरान एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि कॉलोनी के बच्चों को स्कूल में छोड़ने व लाने के लिए ई-रिक्शा का विशेष प्रबंध किया जाऐगा, ताकि उन्हें आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके अलावा, लंबे समय से बदहाल पड़ी चौपाल के लिए मिट्टी भराई अपने निजी कोष से करवाने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कौल के सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती ने कहा कि कुछ गलियों का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शेष बची गलियों को विधायक व सांसद के सहयोग से जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच गुलाब सिंह, ईश्वर बट्टी, श्याम लाल, प्रदीप कश्यप सहित काफी संख्या में कॉलोनीवासी व महिलाएं मौजूद रहीं।



### संविधान जागरूकता अभियान में उपायुक्त को किया सम्मान

**कैथल।** अंबेडकर वैलफेयर सोसाईटी पंजीकृत द्वारा चलाया गया /"हर घर संविधान प्रस्तावना अभियान/" के अंतर्गत हमारे कैथल की उपायुक्त अपराजिता को संविधान प्रस्तावना देकर सम्मानित किया गया। एक मांगपत्र दिया गया जिसमें संस्था द्वारा एक वृद्धाश्रम/अनाथ आश्रम चलाने के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसमें बेसहारा बुजुर्गों, बच्चों के आवास के लिए वृद्धाश्रम/अनाथ आश्रम चलाया जाएगा, एक पुस्तकालय खोला जाएगा जिसमें गरीब, वंचित और शोषित समाज के छात्र निःशुल्क पढ़ाई कर सके। इसमें संस्था द्वारा सभी नौकरियों की परीक्षा से संबंधित पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी और एक कंप्युटर लैब बनाई जाएगी जिसमें छात्रों को निःशुल्क कंप्युटर का बेसिक कोर्स करवाया जायगा। उपायुक्त ने हर घर संविधान प्रस्तावना अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान लोगों में संविधान के प्रति जागरूक लाने में अहम भूमिका निभा रहा हैं। भारतीय संविधान केवल एक सरकारी दस्तावेज ही नहीं है बल्कि इस संविधान से भारत देश चलता हैं। भारतीय संविधान में देश की महिलाओं, आम नागरिकों, शोषित, वंचित, और पिछड़े वर्गों के अधिकार सुरक्षित हैं।

## अग्रवाल युवा सभा में महिला इकाई ने मनाया बैसाखी पर्व

# बैसाखी से मिलता है एकता, सहयोग व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा : सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अग्रवाल युवा सभा कैथल के तत्वावधान में महिला इकाई द्वारा रविवार को बैसाखी महोत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन सनातन धर्म मंदिर परिसर, कोठी गेट, कैथल में किया गया। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी तथा कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग उपस्थित रहीं। भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एकता, सहयोग और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने महिला इकाई के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि सभा द्वारा समय-समय पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य समाज को एकजुट करना है। उन्होंने बताया कि 52 साल में पहली बार ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**महिलाओं की भागीदारी से समाज में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार: सुरभि गर्ग**


कैथल। अग्रवाल युवा सभा के पदाधिकारी महिलाओं व किशोरियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### लक्की ड्रा से उपहार वितरण

कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी सभी ने सराहना की। सभी बच्चों को सम्मानित किया गया तथा लक्की ड्रा के माध्यम से विभिन्न उपहारों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्टॉल एवं सभी के लिए स्वादिष्ट नाश्ते की भी उत्तम व्यवस्था की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, प्रधान रामप्रताप गुप्ता, चेयरमैन रामकुमार बंसल, उपाध्यक्ष संजय बंसल, मोहनलाल गुप्ता, हिमांशु गोयल आदि रहे।


कैथल। कार्यक्रम प्रस्तुत करती गायत्री स्कूल की छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## गायत्री स्कूल में धूमधाम से मनाया बैसाखी

- छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांधा

**कैथल।** गायत्री पब्लिक स्कूल में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उत्साहपूर्ण गीतों और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या वनीता गुप्ता ने किया। उन्होंने मां शारदे की विधिवत पूजा-अर्चना और माल्यार्पण किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं ने पंजाब के पारंपरिक लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत किए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी छात्राओं की प्रस्तुति ने पंजाब की समृद्ध संस्कृति को दर्शाया। प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस दिन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। स्कूल प्रबंधक आयुष गर्ग ने विद्यार्थियों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पर्व से जुड़े ऐतिहासिक महत्व, विशेषकर जलियांवाला बाग कांड और खालसा पंथ की स्थापना के बारे में जानकारी दी और प्रतिभागी छात्रों की सराहना की।

## बच्चों ने भांगड़ा व गिद्दा से बांधा समां

- इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में उत्साह और उमंग के साथ मनाया बैसाखी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग जीद में डॉ अम्बेडकर जयंती व बैसाखी उत्साह और उमंग के साथ मनाए गए। अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में विद्यार्थियों ने उनके जीवन और महान कार्यों को याद करते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दी। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर भारतीय संविधान के निर्माता थे, उनका जीवन हमें शिक्षा, समानता और संघर्ष की प्रेरणा देता है। हमें सदा उनके आदर्शों पर चलकर समाज में भाईचारा कायम करना चाहिए।


जींद। इंडस पब्लिक स्कूल में बच्चे बैसाखी पर्व पर प्रस्तुति देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### बैसाखी खुशी व समृद्धि का प्रतीक

साथ ही साथ बैसाखी सेलिब्रेशन पर कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थी पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा पहनकर आए। बच्चों ने भंगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों को बताया गया कि यह पर्व नई फसल,ख़ुशी और समृद्धि का प्रतीक है, ऐसे त्योहार बच्चों को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं।

## चाणक्य स्कूल में बैसाखी व आंबेडकर जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में बैसाखी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों के लिए नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पंजाबी परिधान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्या रितू अत्री ने विद्यार्थियों को बैसाखी के महत्व एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## राज्य स्तर पर कुरुक्षेत्र में मनाई जा रही बैसाखी

**कैथल।** इस वर्ष बैसाखी उत्सव जिला स्तर की बजाय राज्य स्तर पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम की केडीबी (कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड) के मेला ग्राउंड में शुरुआत हो चुकी है। 14 अप्रैल को इसका समापन होगा, इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पहली बार कुरुक्षेत्र में राज्य स्तर पर बैसाखी उत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिल रही है। 14 अप्रैल को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी, जिसमें प्रदेश के जाने-माने कलाकार भाग लेंगे।



## नन्हे-मन्नों ने पांरपरिक वेशभूषा में जीता दिल

**पूंडरी।** गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शब्द -कीर्तन एवं अरदास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बैसाखी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भाषण, कविताएं, और लघु नाटिका प्रस्तुत की। नन्हे- मुन्ने बच्चों ने रंग बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में भांगड़ा और गिद्दा की शानदार प्रस्तुति देकर सबक मन मोह लिया। विद्यालय परिसर को पीले रंग से सजाया गया, जो फसल कटाई के प्रतीक के रूप में था। प्रधानाचार्या ऋतु बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि बैसाखी केवल फसल का त्यौहार ही नहीं, बल्कि 1699 में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना का ऐतिहासिक दिवस भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रबंधक सतेन्द्र सिंह साहू ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों व स्टाफ को प्रसाद वितरित किया गया। समस्त कार्यक्रम शिक्षकों के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## जाट पब्लिक स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व

- जहाँ मार उडारी और आई बैसाखी जैसे लोक गीतों पर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में बैसाखी डॉ. अंबेडकर जयंती और वार्षिक पुरस्कार वितरण के उपलक्ष्य में एक भव्य और गरिमामयी समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, सचिव रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष लकार नैन और प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने समारोह का आगाज किया। विद्यालय प्रांगण में बैसाखी की पारंपरिक रौनक और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के प्रति श्रद्धा का भाव देखने को मिला। कक्षा तीसरी से नौवीं तक की छात्राओं ने जहाँ मार उडारी और आई बैसाखी जैसे लोक गीतों पर दी गई मनमोहक नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज का दिन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का सुखद परिणाम है; बच्चों की इस उपलब्धि में उनके माता-पिता का भी बराबर का सहयोग है और विद्यालय किताबी शिक्षा ही नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कारों का भी बीजारोपण कर रहा है।


कैथल। जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### मेधावी हुए सम्मानित

समारोह के दौरान सत्र 2025-26 के मेधावी छात्रों के सम्मान में पुरस्कार वितरण किया गया, जिसमें नर्सरी से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर जसवीर, सत्यवान माजरा, राजपाल, सन्नी, स्वतंत्र पाल, दलबीर, विक्रम, महावीर कुंडू, महावीर रावीश, रजत रापड़िया और कुलदीप सिंह सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे और बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया बच्चों ने भांगड़ा से मन- मोहा



**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल में बैसाखी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर नन्हे-मुन्ने बच्चों की रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा और खुशियों से सराबोर नजर आया। बच्चों की मासूम अदाएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गिद्धा और भंगड़ा जैसी पारंपरिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। ढोल की थाप और संगीत की लय पर बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उन्होंने नृत्य और गीतों के माध्यम से बैसाखी पर्व के महत्व को बेहद सुंदर और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित जन भी मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल प्रवीन ढिल्लो ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## परंपरा सहेजने का दिया संदेश

- विद्यार्थियों को अनुशासन, सांस्कृतिक मूल्यों पर किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

शिक्षा भारती विद्या निकेतन में बैसाखी का पूर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के बारे में जानकारी देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक कुलदीप सिंह बिढाण चेयरमैन कुलदीप सिंह, प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह, उप-प्रधानाचार्य अमरदीप भारद्वाज, वर्षा गिरधर, समस्त अध्यापकगण, विद्यार्थी एवं मुख्य अतिथि के रूप में गुरुद्वारा साहिब से पधारे बाबा गुरविंदर सिंह, भाई परमजीत सिंह, भाई जरनैल सिंह तथा पलविंदर के साथ अधिवक्ता अमनदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, मुकेश रानी, मंदीप सिंह, सुखबीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


कैथल। शिक्षा भारती स्कूल में बैसाखी पर्व मनाते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लें विद्यार्थी : सिंह

इस अवसर पर चेयरमैन कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, वहीं प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उप-प्रधानाचार्य अमरदीप भारद्वाज ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सांस्कृतिक मूल्यों और सामूहिक सहभागिता के महत्व को अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में कार्यक्रम का समापन खुशी, उल्लास एवं नई उमंग के साथ शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक किया गया।

## शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया बैसाखी का पर्व



**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में आज बड़ी धूमधाम से बैसाखी का पावन त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा की मनमोहक प्रस्तुतियां सबका ध्यान आकर्षित करने में सफल रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और बैसाखी के महत्व को दर्शाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा पंजाबी परिधानों में सजे-धजे होकर की गई प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। संस्कार वाटिका स्कूल में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया। बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर संस्कार वाटिका विद्यालय में भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## बैसाखी पर बच्चों ने उत्साह से मोहा मन

- मोतीलाल नेहरू स्कूल की सैपलिंग शाखा में मनाया बैसाखी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

मोतीलाल नेहरू विद्यालय की सैपलिंग शाखा में बैसाखी का पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी वर्ग से लेकर कक्षा द्वितीय तक के सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, फूलों और पारंपरिक प्रतीकों से सुसज्जित किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह से उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम का आयोजन गतिविधि अधिकारी पूजा पसरीजा के कुशल निर्देशन एवं देखरेख में संपन्न हुआ।


जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते छात्र। फोटो: हरिभूमि

### गिद्दा से कार्यक्रम में लगाए चार चांद

बच्चों ने रंग-बिरंगे पंजाबी परिधानों में सज-धज कर मंच पर प्रवेश किया और अपने उत्साह से सभी का मन मोह लिया। नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत भांगड़ा और गिद्धा नृत्य ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। उनकी मासूम अदाएं और तालमेल दर्शकों के लिए अत्यंत आकर्षण का केंद्र बने रहे। इस अवसर पर बच्चों ने बैसाखी पर्व से संबंधित कविताएं, गीत और छोटे-छोटे नाट्य रूपांतरण भी प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षिकाओं ने बच्चों को पारंपरिक वेशभूषा, गीतों और नृत्यों के माध्यम से बैसाखी के सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। पूरे कार्यक्रम में बच्चों का आत्मविश्वास और ऊर्जा देखने योग्य थी।

## बैशाखी पर्व समाज में करता है नई ऊर्जा का संचार : ढुल

**राजौंद।** पार्श्वनाथ गुरुकुल में वैशाखी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी रही, जिन्होंने इस पर्व को नए अनाज, नई उम्मीदों और नवजीवन के प्रतीक के रूप में मनाया। इस अवसर पर सुनीश, नूर, अगवान, गुरमेहर, रचित, अय्याश, जपनूर, मनराज, हरजप और दिव्यांशी सहित अनेक विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक सुरेंद्र ढुल और संदीप कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हर त्योहार केवल सांस्कृतिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होता है। वैशाखी का पर्व समाज में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। यह किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस समय उनकी मेहनत रंग लाती है और वे अपनी फसल देखकर गर्व महसूस करते हैं। "जय जवान, जय किसान" का संदेश इस पर्व पर और भी सार्थक हो जाता है।इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्य रविंद्र कौर, सीमा चहल, दलजीत कौर, मनिंद्र कुमार, संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### एडीसी सुशील कुमार के सामने जांच में शामिल होने के लिए हाजिर हुए पालिका अधिकारी व शिकायतकर्ता

# सात पार्कों की जिला मुख्यालय पर जांच कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत शहर में नगर पालिका के अधीन आने वाले सात पार्कों की सिक्योरिटी एवं रखरखाव से जुड़े करीब 30 लाख रुपए के टेंडर में कथित फर्जीवाड़े के आरोपों की जांच सोमवार शुरू हो गई। जिला मुख्यालय पर एडीसी सुशील कुमार इस मामले की जांच कर रहे हैं। डीसी अपराजिता के निर्देशों पर अतिरिक्त उपायुक्त को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार की खासतौर से यह मांग थी कि इस गंभीर मामले की जांच डीएमसी कार्यालय की बजाए एडीसी या कलायत एसडीएम को दी जाए। उपरांत डीसी द्वारा जांच एडीसी के सुपुर्द की गई। इसके तहत जिला मुख्यालय पर हुई इस जांच कार्यवाही में नगर पालिका की तरफ से पालिका अभियंता राजेश प्रजापति, कनिष्ठ अभियंता अब्दुल वहाब और संजीव कुमार मौजूद रहे। शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार आरटीआइ के माध्यम एवं धरातल से जुटाए गए सबूतों को लेकर जांच में शामिल हुए। शिकायतकर्ता ने आरोपों को विस्तार से अतिरिक्त उपायुक्त के सामने रखा। उनका कहना था कि नगर पालिका द्वारा सात पार्कों की सुरक्षा और रखरखाव के नाम पर धरातल पर कार्य नहीं किया जा रहा है। केवल कागजी कार्रवाई दिखाकर सरकार को लगभग 30 लाख रुपये का चूना लगाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जुलाई 2025 से इस तरह के फर्जी भुगतान लगातार किए जा रहे हैं। क्योंकि सरकार की नीति अनुसार पार्क में न तो कोई सिक्योरिटी गार्ड है व न अन्य कर्मी। शिकायतकर्ता का कहना है कि नपा के पास इन कर्मियों को प्रति माह आन लाइन दिए जाने वाले मेहनताने के दस्तावेज ही नही हे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीसी सुशील कुमार ने टेंडर प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू की। इसमें एस्टीमेट, टेंडर दस्तावेज, सिक्योरिटी कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, विभिन्न भुगतान, पीएफ रिकॉर्ड, पार्कों में पेड़-पौधों की सिंचाई और निराई जैसे बिंदुओं को क्रमवार ब्यौरा नगर पालिका अधिकारियों से मांगा। गहन जांच को लेकर नगर पालिका अधिकारियों में हडक़ंप है। पिछले कई दिनों से नगर पालिका अधिकारी पार्कों के टेंडर होमवर्क में लगे हैं। क्योंकि यह मामला न केवल जिला प्रशासन बल्कि प्रदेश सरकार के साथ-साथ विभिन्न जांच एजेंसियों को शिकायत के माध्यम से भेजा गया है। हाईप्रोफाइल मामले में शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार के पक्ष में शहर के युवा, बड़े-बुजुर्ग, बच्चे व महिलाएं लगातार पार्कों में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर जांच की मांग उठा रहे हैं।नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि पार्कों के टेंडर में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है। नियम अनुसार कार्य जारी है। जांच के दौरान उन्होंने तमाम दस्तावेज उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया है।


कलायत। आरटीआई के बारे में बताते सुरेंद्र कुमार।

### जांच करते हुए डीसी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि उपायुक्त के आदेश पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष जांच की जा रही है। टेंडर और एस्टीमेट से जुड़े हर पहलू को नियमों की कसौटी पर परखा जाएगा। पूरी जांच के बाद विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी जाएगी।